# आसमान में उड़ने वाले मिट्टी में मिल जाएगा भजन लिरिक्स

आसमान में उड़ने वाले,
मिट्टी में मिल जाएगा,
भजन प्रभु का सुमिरन करले,
स्वर्ग तुझे मिल जाएगा।bd।

---

कोड़ी कोड़ी माया जोड़ी,
काम ना तेरे आएगी,
मिट्टी से ये बनी है तेरी काया,
मिट्टी में मिल जाएगी,
प्यार तू करले हरि से पगले,
मोक्ष तुझे मिल जाएगा,
भजन प्रभु का सुमिरन करले,
स्वर्ग तुझे मिल जाएगा।bd।

---

भाई बंधू और कुटुंब कबीला,
साथ ना तेरे जाएंगे,
साथ ना तेरे जाएं कुछ भी,
यहीं पड़ा रह जाएगा,
नेकी करले अरे ओ पगले,
क्या मुंह लेकर जाएगा,
भजन प्रभु का सुमिरन करले,
स्वर्ग तुझे मिल जाएगा।bd।

---

क्या लेकर तू आया था जग में,
क्या लेकर तू जाएगा,
जैसा तू आया था जग में,
वैसा ही तू जाएगा,
मुट्ठी बांधे आया जग में,
हाथ पसारे जाएगा,
**Bhajan Diary Lyrics,**
भजन प्रभु का सुमिरन करले,
स्वर्ग तुझे मिल जाएगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आसमान में उड़ने वाले,
मिट्टी में मिल जाएगा,
भजन प्रभु का सुमिरन करले,
स्वर्ग तुझे मिल जाएगा।bd।

स्वर – राखी जी भोपाल।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com